# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 12-6.24 | 4 | 1-4 |

# एचएयू में 19 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति

## 11 लिपिकों को सहायक व पांच मैसेंजर को दफ्तरी बनाया

संवाद न्यूज एजेंसी



कुलपति प्रो. बीआर कांबोज पदोन्नत कर्मचारियों के साथ। संवाद

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने गत दिवस 19 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं, जिनमें एक निजी सहायक को निजी सचिव, 11 लिपिकों को सहायक, दो जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर और पांच मैसेंजर को दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किया गया है।

पदोन्नत किए गए सभी कर्मचारियों ने कुलपति प्रो. कांबोज से मुलाकात कर उनका धन्यवाद किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने निजी सहायक के पद पर कार्यरत वीना कुमारी को निजी सचिव बनाया है। आदेशानुसार लिपिक से सहायक के पद पर पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में मुनीश मोर, ललित यादव, सुमित, अजय कुमार, अमन कुमार, ज्योतिशील, अंकित, मोनिका, सोनू कुमार, सुरेंद्र और अमन कुमार शामिल हैं।

उमंग व पारूल को पदोन्नति देकर सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया है। इसी प्रकार मैसेंजर से दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में रामसरन, राजबाला, कप्तान, राजबीर सिंह व नरेंद्र राज शामिल हैं। एचएयू प्रशासन के इस कदम की प्रत्येक गैर-शिक्षक कर्मचारी ने प्रशंसा की। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने पिछले एक वर्ष में 80 से अधिक कर्मचारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कांबोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, एसवीसी कपिल अरोड़ा, सहायक कुलसचिव तारा चन्द व प्रशासनिक एवं लेखा अधिकारी रमेशचंद्र उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 12-6-24 | 2 | 1-2 |

# एचएयू में विभिन्न पदों पर 19 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति



कुलपति प्रो . बी .आर . काम्बोज पदोन्नत कर्मचारियों के साथ। ● पीआरओ

जासं ● हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने 19 कर्मचारियों की विभिन्न पदों पर पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। इनमें एक निजी सहायक को निजी सचिव, 11 लिपिकों को सहायक, दो जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर तथा पांच मैसेंजर को दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत किए गए सभी कर्मचारियों ने कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मुलाकात कर उनका धन्यवाद किया।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने निजी सहायक के पद पर कार्यरत वीना कुमारी को निजी सचिव बनाया है। लिपिक से सहायक के पद पर पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में मुनीश मोर, ललित यादव, सुमित, अजय कुमार, अमन कुमार, ज्योतिशील, अंकित, मोनिका, सोनू कुमार, सुरेन्द्र तथा अमन कुमार शामिल हैं। उमंग व पारूल को पदोन्नति देकर सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि·भूमि | 12-6-24 | 12 | 6-8 |

# एचएयू में 19 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति

- पदोन्नति पर कर्मचारियों ने वीसी से मिलकर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने 19 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। पदोन्नत कर्मचारियों में एक निजी सहायक को निजी सचिव, 11 लिपिकों को सहायक, दो जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर तथा पांच मैसेंजर को दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत किए गए सभी कर्मचारियों ने मंगलवार को कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज पदोन्नत कर्मचारियों के साथ।

मुलाकात कर उनका धन्यवाद किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने निजी सहायक के पद पर कार्यरत वीना कुमारी को निजी सचिव बनाया है।

जारी आदेशानुसार लिपिक से सहायक के पद पर पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में मुनीश मोर, ललित यादव, सुमित, अजय कुमार, अमन कुमार, ज्योतिशील, अंकित, मोनिका, सोनू कुमार, सुरेन्द्र तथा अमन कुमार शामिल हैं। उमंग व पारूल को पदोन्नति देकर सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया है। इसी प्रकार मैसेंजर से दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में रामसरन, राजबाला, कप्तान, राजबीर सिंह व नरेन्द्र राज शामिल हैं। एचएयू प्रशासन के इस कदम की प्रत्येक गैर-शिक्षक कर्मचारी ने प्रशंसा की। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पिछले एक वर्ष में 80 से अधिक कर्मचारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, एसवीसी कपिल अरोड़ा, सहायक कुलसचिव ताराचंद व प्रशासनिक एवं लेखा अधिकारी रमेश चन्द्र उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 12-6-24 | 2 | 5-6 |

## हकृवि में विभिन्न पदों पर 19 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति



*पदोन्नत कर्मचारियों के साथ कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।*

हिसार, 11 जून (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने 19 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं, जिनमें एक निजी सहायक को निजी सचिव, 11 लिपिकों को सहायक, 2 जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर तथा पांच मैसेंजर को दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत किए गए सभी कर्मचारियों ने कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात की।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने निजी सहायक के पद पर कार्यरत वीना कुमारी को निजी सचिव बनाया है। जारी आदेशानुसार लिपिक से सहायक के पद पर पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में मुनीश मोर, ललित यादव, सुमित, अजय कुमार, अमन कुमार, ज्योतिशील, अंकित, मोनिका, सोनू कुमार, सुरेन्द्र तथा अमन कुमार शामिल हैं। उमंग व पारूल को पदोन्नति देकर सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया है। इसी प्रकार मैसेंजर से दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में रामसरन, राजबाला, कप्तान, राजबीर सिंह व नरेन्द्र राज शामिल हैं। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने पिछले एक वर्ष में 80 से अधिक कर्मचारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 12-6-24 | 5 | 3-5 |

## एचएयू में विभिन्न पदों पर 19 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज पदोन्नत कर्मचारियों के साथ।

हिसार, 11 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने गत दिवस 19 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं, जिनमें एक निजी सहायक को निजी सचिव, 11 लिपिकों को सहायक, दो जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर तथा पांच मैसेंजर को दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत किए गए सभी कर्मचारियों ने कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात कर उनका धन्यवाद किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने निजी सहायक के पद पर कार्यरत वीना कुमारी को निजी सचिव बनाया है। जारी आदेशानुसार लिपिक से सहायक के पद पर पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में मुनीश मोर, ललित यादव, सुमित, अजय कुमार, अमन कुमार, ज्योतिशील, अंकित, मोनिका, सोनू कुमार, सुरेन्द्र तथा अमन कुमार शामिल हैं। उमंग व पारूल को पदोन्नती देकर सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया है। इसी प्रकार मैसेंजर से दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में रामसरन, राजबाला, कप्तान, राजबीर सिंह व नरेन्द्र राज शामिल हैं। एचएयू प्रशासन के इस कदम की प्रत्येक गैर-शिक्षक कर्मचारी ने प्रशंसा की। पदोन्नत कर्मचारियों ने विश्वास दिलाया कि वे अपनी पूरी निष्ठा, लग्न व ईमानदारी के साथ अपने नए पद के कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि समयानुसार पदोन्नति होने से कर्मचारियों में खुशी की लहर है। पदोन्नति के उपरान्त सभी कर्मचारी और अधिक उत्साह के साथ विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं दे सकेंगे। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने पिछले एक वर्ष में 80 से अधिक कर्मचारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, एसवीसी कपिल अरोड़ा, सहायक कुलसचिव तारा चन्द व प्रशासनिक एवं लेखा अधिकारी रमेश चन्द्र उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | 12-6-24 | 7 | 1-2 |

## एचएयू में 19 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति

**हिसार, (सच कहूं/मांगे लाल)।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने गत दिवस 19 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं, जिनमें एक निजी सहायक को निजी सचिव, 11 लिपिकों को सहायक, दो जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर तथा पांच मैसेंजर को दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने निजी सहायक के पद पर कार्यरत वीना कुमारी को निजी सचिव बनाया है। जारी आदेशानुसार लिपिक से सहायक के पद पर पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में मुनीश मोर, ललित यादव, सुमित, अजय कुमार, अमन कुमार, ज्योतिशील, अंकित, मोनिका, सोनू कुमार, सुरेन्द्र तथा अमन कुमार शामिल हैं। उमंग व पारूल को पदोन्नति देकर सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया है। इसी प्रकार मैसेंजर से दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में रामसरन, राजबाला, कप्तान, राजबीर सिंह व नरेन्द्र राज शामिल हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, एसवीसी कपिल अरोड़ा, सहायक कुलसचिव ताराचन्द व प्रशासनिक एवं लेखा अधिकारी रमेश चन्द्र उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स न्यूज | 11.06.2024 | --- | -- |

# एचएयू में विभिन्न पदों पर 19 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति



**चिराग टाइम्स न्यूज**

हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने गत दिवस 19 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं, जिनमें एक निजी सहायक को निजी सचिव, 11 लिपिकों को सहायक, दो जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर तथा पांच मैसेंजर को दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत किए गए सभी कर्मचारियों ने कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात कर उनका धन्यवाद किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने निजी सहायक के पद पर कार्यरत वीना कुमारी को निजी सचिव बनाया है। जारी आदेशानुसार लिपिक से सहायक के पद पर पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में मुनीश मोर, ललित यादव, सुमित, अजय कुमार, अमन कुमार, ज्योतिशील, अंकित, मोनिका, सोनू कुमार, सुरेन्द्र तथा अमन कुमार शामिल हैं। उमंग व पारूल को पदोन्नती देकर सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया है। इसी प्रकार मैसेंजर से दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में रामसरन, राजबाला, कप्तान, राजबीर सिंह व नरेन्द्र राज शामिल हैं।

एचएयू प्रशासन के इस कदम की प्रत्येक गैर-शिक्षक कर्मचारी ने प्रशंसा की। पदोन्नत कर्मचारियों ने विश्वास दिलाया कि वे अपनी पूरी निष्ठा, लग्न व ईमानदारी के साथ अपने नए पद के कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि समयानुसार पदोन्नति होने से कर्मचारियों में खुशी की लहर है। पदोन्नति के उपरान्त सभी कर्मचारी और अधिक उत्साह के साथ विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं दे सकेंगे। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने पिछले एक वर्ष में 80 से अधिक कर्मचारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, एसवीसी कपिल अरोड़ा, सहायक कुलसचिव तारा चन्द व प्रशासनिक एवं लेखा अधिकारी रमेश चन्द्र उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 12-6-24 | 4 | 3 |

## एचएयू में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण कल से

**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की तरफ से 13 जून से मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम आदि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम उत्पादन में मशीनीकरण, मशरूम का स्पान/बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। शिक्षा संस्थान में 13 जून को ही सुबह 7 बजे आकर पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में हिस्सा ले सकते हैं। यह संस्थान विवि के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है। प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 12-6-24 | 11 | 8 |

## मशरूम उत्पादन पर लगेगी कार्यशाला

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 13 जून से मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम उत्पादन में मशीनीकरण, मशरूम का स्पान/बीज तैयार करना, मौसमी नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं व निदान के टिप्स दिए जाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 12.6.24 | 5 | 6-8 |

## एचएयू में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक सम्बन्धी प्रशिक्षण 13 से

हिसार, 11 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 13 जून से मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम उत्पादन में मशीनीकरण, मशरूम का स्पान/बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की



सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान ।

जैविक और अजैविक समस्याएं और

### * पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर मिलेगा प्रशिक्षण में प्रवेश

उनके निदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 13 जून को ही सुबह 7 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है। प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आनी होगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 12-6-24 | 4 | 5 |

## एचएयू में मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण कल से

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 13 जून से मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 13 जून को सुबह 7 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है। प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम उत्पादन में मशीनीकरण, मशरूम का स्पान/बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने पर चर्चा की। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 11.06.2024 | --- | -- |


# एचएयू में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 13 जून से शुरू



सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की फोटो।

**सिटीपल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 13 जून से मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे।

सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम उत्पादन में मशीनीकरण, मशरूम का स्पान/बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 13 जून को ही सुबह 7 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है। प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आनी होगी।